RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 29 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 217 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई में मराठी साइन बोर्ड को लेकर

# बीएमसी हुई सख्त !

## शुरू हुई दंडात्मक कार्रवाई

### हर वार्ड में कार्रवाई के लिए टीमें तैयार...

मुंबई : देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साइन बोर्ड मराठी भाषा में लिखे होने चाहिए। इसके लिए आज से बीएमसी प्रशासन एक्शन शुरू किया। इसके लिए सभी 24 विभागों में टीमें गठित की गई हैं और टीमों का कार्रवाई का अधिकार दिया गया है। जिन दुकानों और प्रतिष्ठानों के साइन बोर्ड मराठी भाषा में मोटे अक्षरों में नहीं लिखे होंगे उनके मालिकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



**बीएमसी ने पहले ही दी है चेतावनी**

सुप्रीम कोर्ट ने दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को मराठी में साइन बोर्ड लगाने की दो महीने की मोहलत दी थी। बीते शनिवार को यह अवधि समाप्त हो गई। कोर्ट के आदेशों का पालन करने के लिए बीएमसी प्रशासन सख्त हो गया है। बीएमसी प्रशासन की ओर से शनिवार को ही हिदायत दी गई थी कि मराठी में साइन बोर्ड लगाओ नहीं तो मंगलवार से कानून के तहत कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**वसूला जाएगा 2 हजार का जुर्माना**

मुंबई में 5.5 से 6 लाख दुकानदार हैं। कोर्ट के आदेशों का अनुपालन नहीं होने की स्थिति में बीएमसी प्रतिदिन के हिसाब से दुकानदारों पर 2,000 रुपए का जुर्माना लगा सकती है। बीएमसी 1 लाख रुपए तक का जुर्माना भी वसूल सकती है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई दो महीने की मोहलत की अवधि समाप्त होने के बाद राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) आक्रामक हो गई है। इससे पहले मनसे ने कई प्रतिष्ठानों को नोटिस दी थी और पोस्टर भी चस्पा किए थे।

**सख्ती से पालन करने का आदेश...**

बीएमसी आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करके सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का सख्ती से पालन करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर रिट याचिका पर 25 सितंबर 2023 को सुनवाई करते हुए जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुइयां की पीठ ने दो महीने में मराठी में साइन बोर्ड लगाने का समय दिया था। पीठ ने कहा था कि महाराष्ट्र में रहते हुए विक्रेताओं को मराठी साइन बोर्ड के फायदे को समझना चाहिए। राज्य सरकार और बीएमसी के फैसले को खुदरा विक्रेताओं के फेडरेशन ऑफ रिटेल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने चुनौती दी थी।

**मनपा अधिकारी जोशी व काबरे के मार्गदर्शन में टीमें गठित**

अतिरिक्त मनपा आयुक्त (शहर) डॉ. अश्विनी जोशी और उपायुक्त (विशेष) संजोग काबरे के मार्गदर्शन में कार्रवाई के लिए टीमों का गठन किया गया है। सभी 24 वार्डों के सहायक आयुक्तों की देखरेख में टीमें कार्रवाई करेंगी। जिन दुकानों और प्रतिष्ठानों के बोर्ड मराठी भाषा में मोटे अक्षरों में नहीं लगाए गए हैं, उनके मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री शिंदे

# चुनाव प्रचार में व्यस्त...

### किसानों की चिंता नहीं... फसल नुकसान को लेकर उद्धव ठाकरे बोले



महाराष्ट्र : शिवसेना(यूटीबी) नेता उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर जमकर हमला बोला है। मुख्यमंत्री शिंदे के तेलंगाना में चुनाव प्रचार करने पर उद्धव ठाकरे ने उन्हें आड़े हाथ लिया। उन्होंने उन पर आरोप लगाया कि बेमौसम बारिश के कारण महाराष्ट्र की फसलों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन सीएम शिंदे तेलंगाना में चुनावी प्रचार में ही व्यस्त हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने सीएम शिंदे से बेमौसम बारिश से हुए फसल नुकसान के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए कैबिनेट बैठक बुलाने की मांग की। साथ ही उन्होंने किसानों को जल्द से जल्द सहायता देने की भी वकालत की। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि राज्य में बेमौसम बारिश के कारण छह लोगों की मौत हुई है, जबकि 100 से अधिक मवेशी भी मर गए हैं।

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में अंगूर और प्याज की खेती करने वाले किसान इस बेमौसम बारिश से ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उद्धव ठाकरे ने प्रदेश सरकार से गंभीर सवाल किए है। उन्होंने पूछा, जब मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट दे दिया था तो राज्य कैबिनेट ने क्या किया।

## सड़क किनारे सोने को लेकर हुए

# विवाद में 1 की हत्या




**मुंबई:** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में सड़क किनारे सोने की जगह को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 28 वर्षीय सुनील लोम्ब्रे के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना में घायल होने के बाद पीड़ित लोम्ब्रे पुलिस थाने भी पहुंचा था, जहां से उसे अस्पताल भेजा गया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी 45 वर्षीय सागर पवार और 38 वर्षीय प्रभु भोईर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, पेशे से लोडर लोम्ब्रे रविवार को नशे में वीपी रोड इलाके में एक दुकान के बाहर सोने चला गया, जहां पहले से ही पवार और भोईर मौजूद थे। लोम्ब्रे ने दोनों को वहां से जाने को कहा। उसने कहा कि वह हमेशा उसी जगह सोता है, इसलिए दोनों चले जाएं। इसी बात पर तीनों के बीच झगड़ा होने लगा। आरोप है कि इसी बीच भोईर ने रस्सी काटने वाले कटर से लोम्ब्रे की गर्दन रेत दी। पुलिस ने बताया कि लोम्ब्रे घायल होने के बाद मदद के लिए पुलिस थाने पहुंचा था, जहां से पुलिस उसे जेजे अस्पताल ले गई। हालांकि, अधिक खून बहने के कारण वह बच नहीं सका।

## महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों की चर्चा के बीच

# अठावले ने बता दी अपनी मनपसंद सीट

*मुंबई : महाराष्ट्र में बीजेपी नेता और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के लोकसभा सीटों की चर्चा शुरू किए जाने के बाद अब केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने भी अपनी मांग रख दी है। अठावले ने कहा है कि वे चाहते हैं उनकी पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनावों में दो सीटें मिलें।*



रामदास अठावले ने खुद के शिरडी की सीट से लड़ने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने कहा इस के लिए जरूरी हुआ तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलेंगे। महाराष्ट्र में बीजेपी और राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीजेपी के 26 सीटों पर लड़ने की बात कही है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था कि 22 सीटें एनसीपी (अजित गुट) और शिवसेना (एकनाथ शिंदे) के पास रहेगी।

**फिर से ठोंकना चाहते हैं ताल**

फडणवीस के बयान के बाद रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के नेता एवं केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए में अपनी पार्टी के लिए दो सीटों की मांग की हैं। साथ ही उन्होंने स्वयं महाराष्ट्र की शिरडी संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। आठवले ने कहा कि इसके लिए जरूरी हुआ तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी बात करेंगे। सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्य मंत्री आठवले ने इंटरव्यू में कहा कि मैंने 2009 का लोकसभा चुनाव महाराष्ट्र के शिरडी से लड़ा था। मैं हार गया था लेकिन मेरी इच्छा है कि अगला लोकसभा चुनाव शिरडी सीट से लड़ूं। आरपीआई नेता ने कहा कि वह इस बारे में एक बार बीजेपी अध्यक्ष जे पी नड्डा से बात कर चुके हैं, इस बारे में अमित शाह से भी बात करेंगे और अगर जरूरत पड़ी तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी बात करेंगे। आठवले ने एक सवाल पर कहा कि मराठा आरक्षण के मुद्दे पर किसी तरह का विवाद ठीक नहीं है और उनकी पार्टी का मानना है कि तमिलनाडु की तर्ज पर अलग श्रेणी बनाकर महाराष्ट्र में भी मराठा समाज को आरक्षण दिया जा सकता है।

## बिना टिकट यात्रा करने पर रोका तो युवती ने टीसी पर ही कर दिया हमला...




**मुंबई:** पिछले कुछ दिनों में मुंबई में टीसी, होम गार्ड की पिटाई की घटनाएं बढ़ी हैं। कुछ महीने पहले चर्चगेट-गोरेगांव लोकल यात्रा के दौरान प्रथम श्रेणी डिब्बे में एक युवती ने महिला टीसी पर हमला कर दिया था। इसके बाद सेंट्रल रेलवे लाइन पर भी एक महिला होम गार्ड के साथ ठग ने मारपीट की थी। ऐसे में बोरीवली स्टेशन से भी ऐसी ही चौंकाने वाली घटना सामने आई है। खबर है कि बोरीवली स्टेशन पर एक टीसी को बुरी तरह पीटा गया। बिना टिकट यात्रा कर रही एक युवती को रोकने पर युवती ने अपनी सहेली के साथ मिलकर टीसी की जमकर पिटाई कर दी।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### सैटेलाइट ब्रॉडबैंड में स्पेक्ट्रम का पेच

भारत व्यावसायिक सैटेलाइट ब्रॉडबैंड संचार सुविधा शुरू करने के निकट पहुंच गया है। इस सेवा से देश के सुदूर स्थानों में बड़ी संख्या में रहने वाले लोगों तक इंटरनेट संपर्क आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। भारती समूह समर्थित यूटेलसैट वनवेब ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि उसे व्यावसायिक शुरूआत के लिए सभी आवश्यक मंजूरी (अंतरिक्ष विभाग सहित) मिल गई है। यह निश्चित तौर पर स्वागत योग्य कदम है परंतु, अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए कंपनी को स्पेक्ट्रम के लिए प्रतीक्षा करनी होगी। इससे भी बड़ी चिंता की बात है कि यह स्पष्ट नहीं है कि सैटेलाइट ब्रॉडबैंड या अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाएं देने की योजना बनाने वाली वनवेब सहित अन्य निजी कंपनियों को कब स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराया जाएगा। जो संकेत मिल रहे है उनसे तो यही लग रहा है कि स्पेक्ट्रम आवंटन में समय लगेगा क्योंकि वर्तमान में कई विषयों पर तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं हुई है।

उदाहरण के लिए भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) को सबसे पहले यह सिफारिश करनी है कि सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी होनी चाहिए या एक प्रशासित व्यवस्था से इसका आवंटन किया जाए। ट्राई की सिफारिश के बिना विभिन्न सरकारी विभागों से मिली अनुमति का कोई महत्त्व नहीं रह जाता है। सरकार को ऐसे मामलों में आपसी समन्वय स्थापित कर निर्णय लेना चाहिए ताकि नई तकनीक एवं सेवाओं की शुरूआत से संबंधित नीतियां निर्बाध रूप से क्रियान्वित हो सकें। इस मामले में कंपनियों- भारत एवं विदेशी दोनों ही- को स्पेक्ट्रम देने के तरीके पर सरकार के भीतर स्थिति स्पष्ट नहीं रही है। इस कारण सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम नीति आगे नहीं बढ़ पाई है। स्पेक्ट्रम की नीलामी या प्रशासित प्रक्रिया के अंतर्गत इसके आवंटन पर सरकार के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय एवं सहमति नहीं बन पाई है। कई कंपनियां बोली प्रक्रिया के माध्यम से स्पेक्ट्रम की नीलामी के पक्ष में नहीं हैं। वनवेब सहित दूसरी कई इकाइयों ने अंतरराष्ट्रीय चलन एवं अंतरिक्ष संचार में नीलामी प्रक्रिया की गैर-व्यवहार्यता का उद्धरण दिया है और प्रशासित प्रक्रिया के अंतर्गत स्पेक्ट्रम आवंटन का आग्रह किया है। वैश्विक स्तर पर सरकारें नीलामी के माध्यम से उपग्रह संचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित करने से दूर रही हैं। हालांकि, रिलायंस जियो एवं दूसरी ऐसी कंपनियां भी हैं जो सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा की होड़ में हैं। ये कंपनियां नीलामी के पक्ष में हैं और इसके लिए सभी मंचों एवं सेवाओं में अवसर की समानता का तर्क दे रही हैं। किसी भी स्थिति में वर्तमान में इस विषय पर ट्राई की तरफ से जल्द कोई निर्णय आने की गुंजाइश बहुत कम है। पिछले दो महीनों से ट्राई में चेयरमैन का पद रिक्त है। बिना चेयरमैन के ट्राई कोई सिफारिश करने की स्थिति में नहीं होगा।

ट्राई अधिनियम के अंतर्गत प्राधिकरण के कार्यों के संपादन में चेयरमैन के पास सामान्य अधीक्षण एवं निर्देश देने का अधिकार है। सरकार ट्राई के चेयरमैन पद के लिए निजी क्षेत्र से उम्मीदवार की खोज कर रही है जिससे नियुक्ति में और देरी हो सकती है। निजी क्षेत्र से उम्मीदवार लाने के लिए संसद के आगामी सत्र में ट्राई अधिनियम में संशोधन करने की आवश्यकता हो सकती है। एक महत्त्वपूर्ण नियामक में शीर्ष पद का लंबे समय तक रिक्त रहना उचित नहीं माना जा सकता परंतु यह ऐसा पहला मामला नहीं है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) भी हाल तक अध्यक्ष के बिना ही कार्य करता रहा है। इसका परिणाम निर्णय लेने में देरी और बाजार के संचालन में बाधा के रूप में सामने आया है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# चेक बाउंस मामले में भिवंडी न्यायालय का निर्णय
## बिल्डर को एक माह की जेल तथा छह लाख रुपए जुमार्ना अदा करने का आदेश

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी:** राशि भुक्तान के एवज में दिए गए चेक का बाउंस होना एक बिल्डर को भारी महंगा पड़ा। भिवंडी कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में आरोपी को एक माह की कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही छह लाख रुपए प्रतिकार राशि परिवादी को भुक्तान करने का आदेश दिया है। चेक बाउंस के इस मामले में परिवादी जकाउल्लाह खान पिरानी पाड़ा निवासी द्वारा आरोपी मोहम्मद असलम लुकमान अंसारी शास्त्री नगर कल्याण रोड निवासी के विरुद्ध धारा 138 के तहत कोर्ट में परिवाद दायर किया गया था। परिवाद में भिवंडी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एस.व्ही. सालवी ने सुनाई है। बता दें की भिवंडी महानगर पालिका क्षेत्र में अवैध निर्माणकताओं की भरमार है। शहर के अधिकतर इलाकों में अप्रशिक्षित बिल्डर अवैध रूप से इमारत का निर्माण कर रहे है। जिसमें घर (फ्लेट) खरीदने वाले लोगों को कई बार चिटर बिल्डरों का शिकार बनना पड़ता है। जिसके कारण नागरिक परेशान है। इसी तरह भिवंडी के गैबी नगर इलाके स्थित सुन्नी जामा मस्जिद के पीछे बरकात ए रसूल मदरसा के पास शास्त्री नगर निवासी असलम अंसारी बिल्डर द्वारा निर्माण की जा रही एक चार मंजिला इमारत में पिराणी पाड़ा निवासी जकाउल्लाह खान ने घर खरीदने हेतु बिल्डर असलम अंसारी



को पांच लाख रुपए नगद दिए थे। परंतु असलम बिल्डर द्वारा निर्माण की जा रही इमारत का एक स्लैप होने के बाद काम बंद हो गया। जिसके बाद जकाअल्लाह खान ने बिल्डर से अपनी दी हुई राशि वापस मांगी तो बिल्डर असलम अंसारी ने उन्हें पांच लाख रुपए पंजाब नेशनल बैंक के चेक द्वारा दिए। परंतु बिल्डर के बैंक खाते में पैसा न होने के कारण चेक बाउंस हो गया।

जिसके बाद जकाउल्लाह खान ने बिल्डर असलम अंसारी के विरुद्ध भिवंडी न्यायालय में एडवोकेट जितेंद्र रविकांत पाटील व एड. गणेश तीप्पणवार द्वारा धारा 138 के तहत परिवाद दायर किया था। उक्त मामला करीब छह वर्ष तक न्यायालय में जारी रहा। जिसके बाद आज गुरुवार 09/11/2023 को कोर्ट का अंतिम निर्णय आगया। जिसमें भिवंडी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एस.व्ही. सालवी ने मोहम्मद असलम लुकमान अंसारी को अपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की कलम 255 (2) के तहत परक्राम्य लिखित अधिनियम की धारा 138 के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराते हुए आरोपी असलम अंसारी को एक महीने की कारावास और छह लाख रुपए की सजा सुनाई है। साथ ही यह आदेश भी दिया गया है की यदि बिल्डर असलम अंसारी ने दो माह के भीतर राशि का भुक्तान नहीं किया तो और एक महीने के लिए जेल भेज दिया जाएगा।

## चाकू की नोक पर युवक से लूट, एक गिरफ्तार




**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी:** भिवंडी के रांजनोली फ्लाई ओवर के पास एक युवक के साथ लूट की घटना घटित हुई है। इस घटना में ऑटो रिक्शा समेत तीन लुटेरों ने युवक को चाकू दिखा कर उसके पास से मोबाइल फोन व नगद रुपए लूट लिए है। घटना की शिकायत मिलते ही कोनगांव पुलिस ने रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर लिया है। और दो लुटेरों की तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार भिवंडी के नवी बस्ती निवासी सिंटू रामजी मौर्य 25 वर्ष, रविवार की रात करीब साढ़े दस बजे काम से घर लौटते समय नाशिक मुंबई हाइवे स्थित मिनी पंजाब ढाबे के पास से एक ऑटो रिक्शा में बैठे, जिसमे पहले से दो व्यक्ति बैठे हुए थे। ऑटो रिक्शा चालक ने रांजनोल फ्लाई ओवर के पीछे ही अपनी ऑटो रिक्शा साइड में रोक दी। तभी एक व्यक्ति रिक्शा से उतर कर युवक को चाकू दिखाते हुए कहा की चुप चाप बैठ, तेरे पास जो भी है मेरे को दे, नहीं तो तुझे मार देंगे, जिसके बाद ऑटो रिक्शा में बैठे दूसरे व्यक्ति ने युवक का दोनो हाथ पकड़ लिया। और रिक्शा चालक ने युवक को मरना शुरू कर दिया। जिसके बाद तीनों लुटेरों ने युवक के पास से मोबाइल फोन और नगद रुपए सहित कुल 59000 रुपए का सामान लूट कर फरार हो गए। इस प्रकरण में कोनगांव पुलिस स्टेशन ने युवक की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ गुनाह रजिस्टर नंबर 362/2023 में भादवी कलम 394, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर छान बीन शुरू कर दी। पुलिस ने रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर लिया है। और दो आरोपियों की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है। इस मामले की आगे की जांच पुलिस हवलदार शैलेश गोल्हार कर रहे है।

## घाटकोपर पुलिस ने 22 लाख रुपए के चोरी हुए मोबाइल बरामद कर लोगो को लौटाए



**मुंबई: (फिरोझ सिद्दिकी)** मुंबई व उपनगर में जहाँ एक तरफ मोबाइल की चोरी की वारदातों में बढ़ोतरी हुई है वही इन मोबाइल को चोरी करने वाले चोरों को पकड़ने में पुलिस भी पीछे नहीं है तदअनुसार आज घाटकोपर पुलिस में इसी तरह से चोरी हुई वह गायब हुए 165 मोबाइल फोन जिनकी कीमत 22 लाख रुपए है बरामद कर पुलिस उपायुक्त (परिमण्डल 7) पुरुषोत्तम कराड के हाथो उनके मालिकों के सुपर्द किया। मिली जानकारी के अनुसार इसी साल जनवरी के महीने से अभी तक घाटकोपर पुलिस स्टेशन में दर्ज मोबाइल चोरी एवं मिसिंग की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस स्टेशन के अधिकारियों व कर्मियों ने तकनीकी जाँच व सी ई आई आर पोर्टल का इस्तेमाल करते हुए 165 मोबाइल फोन को ट्रेस कर उन्हें बरामद किया था। सभी फॉर्मेलिटी पूरी कर इन 165 मोबाइल फोन को उनके मालिकों को सौंपा गया पुलिस के जरिए आयोजित इस कार्यक्रम में अपने चोरी हुए गए हुए मोबाइलों की मिलने की आस छोड़ चुके के चेहरे पर उनका मोबाइल मिलने पर अलग सी खुशी दिखाई दी वही इन लोगों ने पुलिस विभाग के इस कार्य की सरहाना करते हुए उनका मन पूर्वक आभार व्यक्त किया।

## सांसद गोपाल शेट्टी के अथक प्रयत्नों से मालाड मे नई जलवाहिनी का उदघाटन संपन्न
### उत्तर पश्चिम की जनता को दूषित पेय जल समस्या से मिली मुक्ति

**मुंबई (फिरोज सिद्दिकी)** मुंबई उत्तर पश्चिम मलाड के गायकवाड नगर - एम एच बी कॉलनी, मालाड मालवणी मे तकरीबन 5000 राहीवासीयो को पिछले अनेक वर्षे



से पेयजल समस्या से त्रस्त परेशान थे इतना ही नही पुरानी जलवाहिनी मे गंदा पीने की पानी की आपूर्ति होती थी, जो अब नई जलवाहिनी के कारण समस्या दूर होगी।



# सुप्रीम कोर्ट ने टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को जारी किया नोटिस, रैलियों और बैठकों में भाग नहीं लेने का दिया निर्देश...

**नई दिल्ली :** कौशल विकास निगम घोटाला मामले में जमानत के खिलाफ आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर ध्यान दिया और कहा कि वह 'प्रचार हित याचिका' पर सुनवाई करने के इच्छुक नहीं हैं। भूषण ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है जहां सत्तारूढ़ दल आगामी चुनावों में लाभ पाने के उद्देश्य से कथित तौर पर अपने काम के प्रचार के लिए लोक सेवकों का उपयोग करना चाहता है।

**किसने दायर की याचिका?**

ईएएस सरमा और जगदीप एस छोकर ने जनहित याचिका दायर की है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के रक्षा खातों के नियंत्रकों को रक्षा मंत्रालय के रक्षा लेखा महानियंत्रक के 9 अक्टूबर, 2023 के पत्र को रद्द करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि उक्त विवादित पत्र, दिनांक 09.10.2020 को रक्षा मंत्रालय के आदेश के साथ पढ़ा जा सकता है, जिसमें वार्षिक अवकाश पर गए सैनिकों को सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में समय बिताने का



निर्देश दिया है।'

**जनहित याचिका में क्या की गई मांग?**

जनहित याचिका में केंद्र सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के 17 अक्टूबर, 2023 के कार्यालय ज्ञापन पर भी हमला किया गया। डीओपीटी ने फैसला किया कि भारत सरकार के पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों के प्रदर्शन/उत्सव के लिए भारत सरकार के संयुक्त सचिवों/निदेशकों/उप सचिवों को 'जिला रथप्रभारी (विशेष अधिकारी)' के रूप में तैनात करना 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के माध्यम से, 20 नवंबर, 2023 से 25 जनवरी, 2024 तक पूरे देश में आयोजित करने का प्रस्ताव है।'

**अभियान प्रचार में लोक सेवक का उपयोग**

पत्र और कार्यालय ज्ञापन को रद्द करने की मांग के अलावा, याचिका में यह घोषणा करने की भी मांग की गई है कि केंद्र या राज्य में कोई भी सत्तारूढ़ दल प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी लोक सेवक का उपयोग किसी भी अभियान या प्रचार के लिए नहीं कर सकता है जो उसके लाभ के लिए है। याचिका में कहा गया है कि इसमें 'संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत भारत के लोगों के मौलिक अधिकारों को लागू करने की मांग की गई है ताकि सिविल सेवाओं और सशस्त्र बलों को सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के चुनाव अभियान के लिए एक हथियार के रूप में इस्तेमाल होने से बचाया जा सके।' उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए लोक सेवकों को तैनात करने की सरकार की कार्रवाई न केवल कई सेवा नियमों का उल्लंघन करती है, बल्कि 'समान अवसर के साथ स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव, जो लोकतंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा है' को भी बाधित करती है।

## पार्किंग प्लाजा की जगह पर ही मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल बनाने का प्रस्ताव




**मुंबई :** मनपा ने इन धूल खाते उपकरणों से पार्किंग प्लाजा की जगह पर ही मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। बता दें कि वर्तमान समय में कोरोना का संक्रमण न के बराबर हो गया है। ठाणे मनपा ने कोरोना काल में ठाणे पार्किंग प्लाजा अस्पताल का निर्माण किया था। कोरोना के समाप्त होने के बावजूद पिछले डेढ़ वर्षों से १,१०० बेडों का यह पार्किंग प्लाजा अस्पताल वैसा का वैसा ही है। अस्पताल में भारी संख्या में मौजूद उपकरण धूल खा रहे हैं। ठाणे मनपा ने इसी पार्किंग प्लाजा की जगह पर ही नया मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल बनाने का निर्णय लिया है।

## लोकल में महिला डिब्बे में चढ़ने के बाद महिला होम गार्ड पर हमला

**कल्याण:** लोकल ट्रेनें मुंबईकरों की जीवन रेखा हैं। हर दिन लाखों यात्री काम के लिए इस लोकल से यात्रा करते हैं। लेकिन अब सवाल उठने लगा है कि क्या महिलाओं के लिए यात्रा करना सुरक्षित नहीं है. कुछ दिन पहले वेस्टर्न रेलवे लाइन पर एक युवती ने टीसी की पिटाई कर दी थी. ऐसी ही एक और घटना सेंट्रल रेलवे लाइन पर सामने आई है.



चलती लोकल में एक महिला होम गार्ड की पिटाई कर दी गई. पता चला कि उसने गुस्से में सिर घुमाकर यह हरकत की थी। इस मामले में कल्याण रेलवे लोहमार्ग पुलिस ने मामला दर्ज कर सिरफिरे आरोपी को 24 घंटे के अंदर हथकड़ी पहनाकर गिरफ्तार कर लिया. आरोपी का नाम मारुति अत्राम है और कल्याण लोहमार्ग पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस आरोपी ने ऐसे और भी अपराध किए हैं. चलती ट्रेनों में महिला सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर सामने आ गया है. अब आरोपी महिलाओं की सुरक्षा के लिए नियुक्त होम गार्ड पर हमला करने की हद तक पहुंच गए हैं. सेंट्रल रेलवे की कसारा लोकल में हुई इस घटना से सनसनी फैल गई है. महिला रेलवे होम गार्ड के पद पर कार्यरत नीरजा मुकादम पर हमला हुआ. जब वह कसारा लोकल में आरक्षित महिला जनरल डिब्बे में गश्त कर रही थी, तो इसाम नामक व्यक्ति अचानक महिला डिब्बे में चढ़ गया। होम गार्ड नीरजा मुकादम ने उसे हटाया और महिला डिब्बे से नीचे उतरने को कहा. लेकिन इस बात से इस्मा बहुत नाराज हो गई और उसने उस डिब्बे में मौजूद होम गार्ड नीरजा को पीटना शुरू कर दिया. उसने उनका गला दबा दिया और जैसे ही वाशिंद रेलवे स्टेशन पहुंचा, वह उतरकर सीधे भाग गया।

इस हमले में होम गार्ड मुकादम गंभीर रूप से घायल हो गये. उन्होंने इस मामले में कल्याण रेलवे लोहमार्ग पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई तो अज्ञात आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया. इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कल्याण रेलवे पुलिस स्टेशन की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्चना दुसा ने एपीआई देशमुख, पीएसआई जावले, पुलिस कांस्टेबल शेवाले, खाड़े, देसले, जाधव, देवले और अन्य कर्मचारियों के साथ कल्याण से कसारा तक सभी स्टेशनों पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। उनके अथक प्रयास से घटना के महज 24 घंटे के अंदर आरोपी मारुति अत्राम को गिरफ्तार कर लिया गया. फिलहाल वह पुलिस हिरासत में है और कल्याण जीआरपी पुलिस जांच कर रही है कि क्या उसने अभी तक ऐसा कोई अपराध किया है।

## त्वरित धन के लिए सत्रह लाख की जेसीबी चोरी कर ले गए



**मुंबई:** कई लोगों के मन में अमीर बनने और तुरंत पैसा पाने की छिपी इच्छा होती है। वो लालची लोग कुछ भी करेंगे. लेकिन ऐसे छुपे या अलग-अलग तरीकों से कमाया गया पैसा कभी-कभी परेशानी का कारण बन सकता है। एक लालची इंसान पैसों के लिए किस कदर झगड़ता है इसका ताजा उदाहरण अंधेरी में सामने आया है। वहां पैसे के लालच में कुछ बेवकूफों ने सड़क पर खड़ी जेसीबी को दौड़ा लिया. करीब सत्रह लाख रुपए की इस जेसीबी को भागने वाले तीन भामटों को अंबोली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

तीनों आरोपियों के नाम मोहम्मद रशीद शेख, तबरेज शेख और शफी शेख हैं. पुलिस ने तीनों को अंधेरी कोर्ट में पेश किया तो कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. अंबोली पुलिस ने तीनों के पास से चोरी की जेसीबी बरामद कर ली है।

मिली जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता किशोर नामदेव राठौड़ गोरेगांव के शास्त्री नगर इलाके में रहते हैं. उन्होंने अंधेरी में लिंक रोड पर मेट्रो स्टेशन के पास अपनी कंपनी की सत्रह लाख रुपये की जेसीबी खड़ी की थी। लेकिन करीब दो महीने पहले 11 सितंबर को कुछ चोरों ने इस जेसीबी को चुरा लिया.

इसका खुलासा अगले दिन हुआ. इसके बाद राठौड़ ने अंबोली पुलिस में जेसीबी की चोरी की शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के बाद पुलिस ने जबरन चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. आखिरकार दो महीने की जांच और इलाके के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जानकारी की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी मोहम्मद राशिद को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी मोहम्मद ने जेसीबी चोरी करने की बात कबूल कर ली। इस चोरी के लिए उसने तबरेज शेख और शफी शेख दोनों की मदद ली थी.

मुंबई से जेसीबी चुराने के बाद तीनों उसे जेसीबी बीड ले गए। यह जानकारी सामने आते ही पुलिस ने दो अन्य आरोपियों तबरेज और शफी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने उनके पास से चोरी की जेसीबी बरामद कर ली है. पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी सामान्य अपराधी

## दो दिन तक बंद घर की रेकी, तीसरे दिन सीधे चोरी... चोरों को पुलिस ने लगाया हथकड़ी

**ठाणे:** कल्याण और डोंबिवली इस समय अपराध की घटनाओं से दहल गया है. कुछ दिन पहले कल्याण स्टेशन से एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया गया था. हालांकि यह घटना अभी ताजा है, कल्याण पूर्व में घर में चोरी की घटना से हड़कंप मच गया है. लगातार दो दिनों तक घर खंगालने के बाद तीसरे दिन चोरी की घटना का खुलासा हुआ. इस मामले में दो चोरों को आखिरकार कल्याण पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और खुलासा हो गया है कि वे अपराधी हैं.

जब चोर चोरी का सोना बेचकर गांव जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी पुलिस टीम ने जाल बिछाया और दुकाली को हथकड़ी में गिरफ्तार कर लिया. साथ ही उनके पास से पांच लाख रुपये का सामान भी बरामद किया गया है. दोनों चोरों के नाम भोलानाथ जयसवाल और बाबू देवनाथ हैं.भोलानाथ उत्तर प्रदेश और बाबू बंगाल का रहने वाला है। ये दोनों चोर तीन दिन पहले से बिल्डिंग के



बंद घरों की जांच करते थे, किस घर में चोरी करनी है इसकी योजना बनाते थे और फिर मौका पाकर घर में चोरी कर कीमती सामान लूट लेते थे। उसके अपराध करने का तरीका ऐसा था.

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, अक्टूबर और नवंबर महीने में कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी इलाके में रात में और कुछ जगहों पर दिन में भी घरों में चोरी की घटनाएं हुई थीं. लगातार हो रही इन चोरियों से नागरिक भी त्रस्त थे और दहशत का माहौल फैल गया था। इस मामले में कई शिकायतें मिलने के बाद कल्याण के डीसीपी सचिन गुंजल, एसीपी कल्याणजी घेटे कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश शिरसाथ ने एक टीम बनाई और आरोपियों की तलाश शुरू की।

कोलसेवाड़ी पुलिस को सूचना मिली कि कुछ चोर उल्हासनगर में एक जगह आ रहे हैं। पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ने के लिए तुरंत मौके पर जाल बिछाया और दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। वह सराय का अपराधी है और पुलिस ने उसके पांच अपराधों का खुलासा कर पांच लाख की फिरौती जब्त कर ली है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इस तरह से उन्होंने कहां-कहां और कितनी चोरियां की हैं।




# मां ने नहीं परोसा स्वादिष्ट खाना तो बेटे ने दरांती से काट दी गर्दन

## फिर खा लीं नींद की गोलियां...



**ठाणे :** ठाणे जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. मंगलवार को महाराष्ट्र पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ठाणे जिले में एक शख्स को उसकी मां ने स्वादिष्ट खाना नहीं खिलाया तो दोनों के बीच बहस शुरू हो गई. ये बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी बेटे ने अपनी 55 वर्षीय मां की दरांती से हत्या कर दी. ठाणे पुलिस के मुताबिक ये घटना रविवार शाम की बताई जा रही है. जब जिले की मुरबद तालुका के वेलू गांव में आरोपी ने अपनी मां को मौत के घाट उतारा दिया. जानकारी के मुताबिक आरोपी बेटा और उसकी मां में अक्सर घरेलू मसलों को लेकर झगड़ा होता रहता था. रविवार को भी उन दोनों के बीच ऐसा ही झगड़ा हुआ. पुलिस ने FIR के हवाले से बताया कि इसी झगड़े के दौरान बेटे ने मां पर स्वादिष्ट खाना ने खिलाने का आरोप लगाया. FIR में आगे बताया गया है कि इसी दौरान गुस्से में बेटे ने दरांती से अपनी मां की गर्दन पर हमला बोल दिया और वो वहीं गिर गई. इस हमले में महिला की मौत हो गई.

**मां को मारने के बाद ले लिया नींद की गोलियों का ओवरडोज**

इस घटना की जानकारी जैसे ही पड़ोसियों को मिली तो उन्होंने पुलिस को इसके बारे में सूचित किया. आनन-फानन में महिल को तुरंत गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका पोस्टमॉर्टम भी हुआ. इस घटना के बाद आरोपी ने नींद की गोलियों का ओवरडोज ले लिया और उसे भी उसके रिश्तेदारों ने होस्पिटल में भर्ती करा दिया.

# महाराष्ट्र के 17 जिलों में बेमौसम बारिश से फसलें बर्बाद... विपक्ष ने उठाई मुआवजे की मांग



**नागपुरः** नागपुर सहित कई जिलों में सुबह से ही बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने दो दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी थी। फिलहाल नागपुर शहर, नागपुर जिला सहित अनेक जिलों में सुबह से ही बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार आज दिन भर कई जिलों में बारिश होगी। तेज हवा और गरज-चमक के साथ बारिश के संकेत दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार नागपुर, चंद्रपुर, यवतमाल जिलों में आज यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं विधानसभा में नेता विपक्ष विजय वेडेट्टीवार ने किसानों को मुआवजा देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि बारिश से प्रभावित इलाकों का वह दौरा करेंगे। वहीं कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के 17 जिलों में दो दिनों से हो रही बारिश और ओलावृष्टि की वजह से फसलें तबाह हो गई हैं। महाराष्ट्र में लगभग 90 हजार हेक्टेयर पर खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। इनमें से सर्वाधिक नुकसान बुलढाणा जिले में हुआ है, जहां लगभग 34 हजार हेक्टेयर की फसलें तबाह हो गई हैं। नासिक और अहमदनगर जिले में अंगूर की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं विदर्भ में मुख्य रूप से अकोला और अमरावती जिले में ओलावृष्टि हुई है।

**दो दिसंबर से खराब फसलों का जायजा लेंगे विजय वेडेट्टीवार**

वहीं महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वेडेट्टीवार ने कहा है कि बेमौसम बारिश हो रही है, जिससे किसानों की पूरी फसल नष्ट हो जाएगी। वेडेट्टीवार ने कहा कि किसानों का हाल जानने के लिए वह दो दिसंबर से अकोला, यवतमाल, अमरावती, जालना और वाशिम में फसलों के खराब होने का जायजा लेने के लिए जाएंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में ओलावृष्टि से ज्यादा नुकसान

महाराष्ट्र में हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से कपास तुअर और संतरे की फसलों को नुकसान पहुंचा है। बुलढाणा, नासिक नगर, पुणे, धूलिया, नंदुरबार, अमरावती, अकोला, नागपुर में बारिश कहर देखने को मिल रहा है। खेतों में लगी सब्जियों, फसलों और फलों के लिए ये बारिश काफी नुकसानदेह है। संतरा, मोसंबी आदि के फलों को ज्यादा नुकसान होगा। खेतों में लगी सब्जियों मे गोभी, टमाटर, बैगन, पालक, मेथी और मिर्ची जैसी सब्जियों को भी ज्यादा नुकसान होने की सम्भावना है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ओलावृष्टि से काफी ज्यादा नुकसान होने की जानकारी आ रही है।

# अघोषित आपातकाल; सरकारी तंत्र का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर - सिब्बल



**नई दिल्ली :** देश इस समय अघोषित आपातकाल की स्थिति में है। सरकारी तंत्र का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर हो रहा है। संविधान को कमजोर किया जा रहा है, ऐसी स्थिति में लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ न्यायपालिका चुप है, क्योंकि वह दबाव में है, यह कहना है वरिष्ठ वकील व राजनेता कपिल सिब्बल का। लाइव लॉ के लिए लिखे आलेख में कपिल सिब्बल ने कहा है कि देश इस समय अघोषित आपातकाल से गुजर रहा है। कपिल सिब्ब्ल ने केंद्र में सत्तासीन भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में भाजपा शासित राज्यों और अन्य दलों द्वारा शासित राज्यों में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग और जबरदस्ती की रणनीति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा, 'हमने ऐसे मामले देखे हैं, जहां दल-बदल के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर के पैष्ठसले पर रोक लगा दी।

# खेलते समय सांस की नली में गुब्बारा फंसने से बच्चे की मौत, घटी ये दुर्भाग्यपूर्ण घटना?



**मुंबईः** जिंदगी बहुत अप्रत्याशित है. कब, किस क्षण क्या हो जाए, कहा नहीं जा सकता। इसे उजागर करने वाली एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना पालघर में घटी। तीन साल के एक बच्चे की सांस की नली में गुब्बारा फंसने से दर्दनाक मौत हो गई। समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने के कारण बच्चे की जान चली गई। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और उतनी ही चौंकाने वाली घटना पालघर के वाडा तालुक में हुई। कुछ समय पहले घर के बाहर अपने दोस्तों के साथ खेल रहे एक छोटे लड़के की अचानक मौत से उसके घर और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस घटना से पूरे पालघर जिले में शोक व्यक्त किया जा रहा है. मिली जानकारी के मुताबिक, पालघर के वाडा तालुका में रहने वाला यह तीन साल का बच्चा शाम को अपने एक दोस्त के साथ खेल रहा था. लेकिन अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई. तो घर के सभी लोग डर गये. उसने पूछा कि क्या हो रहा है?

# पानी पूरी खा रही महिला को हंसने पर 3 बहनों ने पीटा अस्पताल में मौत, डरा रही मुंबई की ये घटना

**ठाणेः** मुंबई के कलवा में एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसमें 3 बहनों ने एक महिला को हंसने की वजह से पीटकर मार डाला। आरोपी महिलाओं को शक था कि वह महिला उन्हें देखकर हंस रही थी। इसी बात को लेकर उनमें विवाद हो गया। कलवा पुलिस ने आरोपी रेणुका बोंद्रे, अंजना रायपुरे और लक्ष्मी गाडगे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रेणुका मुक्ता कलशे (मृतका) की भाभी रह चुकी है। पुलिस के अनुसार, मुक्ता अपनी मां और भाई सचिन के साथ कलवा के जय भीम नगर में रहती थी। रेणुका का विवाह मुक्ता के भाई राहुल से हुआ था। दो साल पहले राहुल की मौत हो गई। इसके बाद रेणुका ने उसी परिसर में रहने वाले दूसरे युवक से शादी कर ली थी। तब से रेणुका का मुक्ता के परिवार से संपर्क खत्म हो गया था। मुक्ता की शादीशुदा बहन दिवाली पर मायके आई थी।

**कैसे हुआ वविाद**

23 नवंबर को मुक्ता अपनी बहन के साथ मोहल्ले में पानी पूरी खा रही थी। मुक्ता और उसकी बहन आपस में बातचीत कर हंसने लगे थे। ठीक उसी समय रेणुका वहां से गुजरी। रेणुका को



लगा कि मुक्ता और उसकी बहन उसे देकर हंस रही हैं। इसी बात पर उनका विवाद हो गया। मुक्ता ने रेणुका को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी और रेणुका ने मुक्ता को जान से मारने की धमकी दी।

गंभीर जख्मी मुक्ता ने पुलिस से संपर्क किया। कलवा पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया था। जख्मी मुक्ता को कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अब मारपीट को हत्या के मामले में तब्दील कर दिया है।

### मुक्ता के साथ मां को भी पीटा

अगले दिन सुबह जब मुक्ता पब्लिक टॉइलेट में गई थी, उसी समय रेणुका बहनों अंजना और लक्ष्मी के साथ वहां आ पहुंची। तीनों ने मुक्ता को लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। इस बात की खबर मुक्ता की मां को लगी, तो वह भी वहां पहुंची। मां ने बेटी की पिटाई नहीं करने को लेकर तीनों से विनती की, लेकिन उन्होंने मां को भी पीट दिया। लक्ष्मी ने मुक्ता के बाल पकड़कर सिर जमीन पर दे मारा।

# अग्निवीर की ट्रेनिंग ले रही युवती ने की आत्महत्या, इस बात से थी परेशान



**मुंबईः** नौसेना में अग्निवीर की ट्रेनिंग ले रही 20 साल की युवती ने आत्महत्या कर ली है। युवती ने बेडशीट से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती का किसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग था। प्रेम प्रसंग सही नहीं होने की वजह से युवती काफी समय से तनाव में थी। इसी से परेशान युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं युवती की आत्महत्या के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि युवती का किसी के साथ प्रेम संबंध था। वहीं प्रेम संबंध में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी से युवती परेशान थी। वहीं प्रेम संबंध ठीक नहीं होने की वजह से युवती ने बेडशीट की मदद से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**हाल ही में हुआ था चयन**

बता दें कि युवती यहां अग्निवीर की ट्रेनिंग ले रही थी। हाल ही में उसका चयन अग्रिवीर योजना के तहत हुआ था। मृतक युवती का नाम अपर्णा नायर बताया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब अपर्णा 'आईएनएस हमला' पर ट्रेनिंग के लिए आई थी। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद नेवी के डॉक्टर बुलाये गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद युवती को मृत घोषित कर दिया। वहीं मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और मामले की जांच में जुटी गई है।

# अंबरनाथ रेलवे स्टेशन... रेलवे की लापरवाही की वजह से जनता को सजा



**अंबरनाथ :** रेलवे की लापरवाही की वजह से जनता को सजा भुगतना पड़ता है। यहां पर रेल यात्रियों के लिए एक्सीलेटर, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। एक्सीलेटर, लिफ्ट के अभाव के कारण गाड़ी पकड़ने के लिए उम्रदराज लोगों को पुल से या रेल पटरी पार करना पड़ता है। बता दें कि पटरी पार करते वक्त गाड़ी की चपेट में आने से प्रतिमाह दस लोगों की दर्दनाक मौत होती है। सबसे अधिक तकलीफ बीमार लोगों को प्लेटफॉर्म से बाहर निकलने में होती है। यहां की वास्तविक स्थिति सिटीजन रिपोर्टर हनुमंता बयां कर रहे हैं।

अंबरनाथ रेलवे स्टेशन एक व्यस्त स्टेशन है। अंबरनाथ में सबसे पुराना आईटीआई है। शहर के दोनों तरफ एमआईडीसी है। ऐतिहासिक शिव मंदिर है। अंबरनाथ श्रमजीवी वर्ग के लोगों का शहर है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com